सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन देहरादून/लखनऊ, उत्तर प्रदेश 19 जुलाई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तर प्रदेश भ्रमण के दौरान लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों राज्यपालों के मध्य शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती तथा विश्वविद्यालयों के मध्य सहयोग और समन्वय जैसे विविध महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इसके उपरांत राज्यपाल से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके मध्य दोनों राज्यों के समग्र विकास से जुड़े विषयों जैसे शिक्षा, उच्च शिक्षा, अवस्थापना सुविधाएं तथा विकास योजनाओं पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड में संचालित "वन यूनिवर्सिटी, वन रिसर्च" कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार यह पहल शोध और नवाचार की दिशा में विश्वविद्यालयों की भूमिका को सशक्त बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखण्ड की पावन भूमि का आत्मीय स्मरण करते हुए राज्य के प्रति अपने विशेष जुड़ाव को व्यक्त किया।

..........0..........